Forwarded

आयोजन • एपीजे इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग में स्पार्क -2023

32 कॉलेजों के 1000 स्टूडेंट्स ने दिखाई प्रतिभा

एपीजे इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग में स्पार्क-2023 का उद्घाटन करते गणमान्य। (दाएं) कार्यक्रम में हिस्सा लेती छात्राएं।

भास्कर न्यूज | आयोजन

एपीजे इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग में स्पार्क-2023 का आयोजन किया गया। इस दौरान 32 कॉलेजों के 1000 से अधिक स्टूडेंट्स ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। स्टूडेंट्स ने अपनी कम्युनिकेशन स्किल और टेक्निकल स्किल्स का प्रदर्शन किया। इस दौरान स्टूडेंट्स ने 22 प्रतियोगिताओं-एड मैड शो, डिबेट, बिजनेस पक्कर, नेट सेवी, लाइवस्टी टेलेंट, थ्रिलिंग आईटी अवेंड द मच्छाह, और द स्मार्ट पेंटिंग, डबिंग, स्ट्रीट प्ले, पोस्टर मेकिंग, फेक डांस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति संदीप के साथ हुई। इसके बाद लैंप लाइटिंग की गई। इस दौरान डायरेक्टर डॉ. राजेश चग्गा, डीन और स्पार्क के कोऑर्डिनेटर्स मौजूद रहे। डॉ. चग्गा ने सभी का स्वागत किया, और छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्रों को अवसर मिलता है ताकि वह अपना हुनर दिखा सके। स्टूडेंट्स को एकेडमिक, को-करिकुलम एक्टीविटी, प्लेसमेंट और पैनलटी की ओर से सिल्वर जानवर के बारे में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के जरिये बताया गया। फैसट का समापन पुरु ब्लॉक सभागैस में हुआ। विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर विजेता रहने वाले विद्यार्थियों को प्राइज और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। राजीव कुमार भारद्वाज ने वोट ऑफ थैक्स दिया।

Dainik Bhaskar 18 March 2023

3:22 pm ✓✓